PATRIKA, Ahmadabad, 24.10.2019
Page No. 2, Size:(18.81)cms X (16.96)cms.

बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट के निर्माण शुरू करने के लिए मनपा से मांगी सुविधा

अहमदाबाद में मनपा की स्थायी समिति में होगी चर्चा

अहमदाबाद. नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एनएचएसआरसीएल) यानी बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट से जुड़ी कंपनी ने पहली बार अहमदाबाद महानगरपालिका (मनपा) से शहर में बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट का निर्माण शुरू करने के लिए जरूरी सुविधाएं मुहैया कराने की मांग की है। गुरुवार को होने वाली मनपा की स्थायी समिति की बैठक में इस मुद्दे पर चर्चा होगी। संभावना है कि परियोजना के लिए स्तंभ निर्माण का काम नवम्बर माह के अंत तक शुरू हो जाएगा।

एनएचएसआरसीएल की ओर से बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट के निर्माण के लिए जरूरी कार्रवाई एवं सुविधा उपलब्ध कराने की मांग के बाद मनपा प्रशासन ने इसे स्थायी समिति के समक्ष पेश किया गया है। इस मुद्दे पर गुरुवार को चर्चा होगी। साबरमती से कालुपुर और वटवा तक रेलवे लाइन के समकक्ष निर्माण के लिए यह दरखास्त की गई है। इसके तहत भारी वाहनों और क्रेन के प्रवेश, यातायात डाइवर्जन आदि का उल्लेख किया गया है। बुलेट ट्रेन कॉरिडोर के लिए जरूरी स्तंभों के निर्माण के लिए माप, लोकेशन एवं रास्तों की जानकारी भी दी गई है। इसके अलावा कहीं-कहीं भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई की भी पेशकश की गई है ताकि निर्माण कार्य के लिए ट्रैफिक आदि के लिए भूमि का उपयोग किया जा सके।

संभावना है कि नवम्बर माह के अंत तक बुलेट परियोजना के लिए स्तंभों का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। मुंबई से अहमदाबाद के बीच हाईस्पीड ट्रेन संभवतः 2023 में शुरू होने की संभावना है।